अब मोबाइल से खरीदे जा सकेंगे मिलेट्स उत्पाद

हर्बल गुलाब भी है उपलब्ध

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप स्व सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए जिले में एक और नवाचार किया गया है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में कलेक्टर श्री सिंह एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत छिन्दवाडा द्वारा पातालकोट आजीविका उत्पाद ऑनलाईन मार्केटिंग प्लेटफार्म का शुभारंभ किया गया। जिसके बाद अब जिले के पातालकोट और तामिया के स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे मिलेट्स उत्पाद जैसे मिलेट्स कुकीज़, महुआ कुकीज़, महुआ लड्डू, मिलेट्स नान, चार चिरौंजी, प्राकृतिक शहद, हर्बल गुलाल जैसे पूर्णत: ऑर्गेनिक उत्पाद कहीं से भी मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन खरीदे जा सकेंगे। इसके लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एन.आई.सी. राजहंस गोंडाने और ई-गवर्नेंस मेनेजर अतुल शर्मा के तकनीकी सहयोग से एक ऑनलाइन प्लेटफार्म विकसित किया गया है। इसके लिए एक मोबाइल ऐप भी तैयार कराया जा रहा है, जो शीघ्र ही लॉन्च किया जाएगा।

इन ऑर्गेनिक उत्पादों को खरीदने के लिए https://chhindwara.nic.in/en/srlm/ लिंक पर जाना होगा।

इस नवाचार के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह एवं जिले के अधिकारियों ने स्व-सहायता समूह की दीदियों के उत्साहवर्धन के लिए मौके पर विभिन्न मिलेट्स प्रोडक्ट, शहद, चिरौंजी आदि के ऑनलाइन ऑर्डर बुक किए तथा मौके पर ही उपस्थित स्व सहायता समूहों की दीदीयों द्वारा सहर्ष ये ऑर्डर उन्हें प्रदाय किए गए।

नवाचार के शुभारंभ अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाटी, अतिरिक्त जिला सी.ई.ओ. पी. राजौदिया, जिला परियोजना प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रेखा अहिरवार, जिला प्रबंधक कृषि (आजीविका मिशन) संजय कुमार डेहरिया, जिला प्रबंधक एम.एफ. (आजीविका मिशन) निर्मल कुमार कटरे, युवा सलाहकार आम्रपाली जावलकर व सुश्री सुरभि बागियार और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले में इस तरह के नवाचार को पहली बार शुरू किया गया है। स्व सहायता समूहों के माध्यम से उनके उत्पादों का विक्रय प्रथम बार ऑनलाईन किया जायेगा। यह उपलब्धि स्व सहायता समूह की दीदियों की आर्थिक समृध्दि के लिये बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी।

जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के शिविर का आयोजन कल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के कार्यालय अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिले में वृत्त जिला स्तरीय विद्युत शिकायत निवारण फोरम द्वारा शिविर का आयोजन कल 06 मार्च 2025 गुरूवार को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक प्रशासनिक भवन खजरी रोड छिन्दवाड़ा में किया गया है, जिसमें उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा।

भाजपा सरकार में उद्यमियों को मिला सम्बल : सांसद साहू

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा सरकार में देशभर के उद्यमियों को एम.एस.एम.ई. एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रूपये के सब्सिडी वाले लोन मिलने से उद्यमियों को संबल मिला है। छिंदवाड़ा सहित मध्यप्रदेश में खुले सैंकड़ों उद्योगों के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। यह संभव हो सका है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरगामी सोच के कारण। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने द गैलेक्सी होटल में यूनियन बैंक द्वारा आयोजित एम.एस.एम.ई. एवं आउट रीच कैंपेन सेंट्रल ऑफिस मुबंई द्वारा आयोजित उद्योगपतियों, व्यवसायियों एवं ग्राहकों के सम्मेलन के दौरान व्यक्त किए।

इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा जिले के 64 उद्यमियों एवं व्यवसायियों को 58 करोड़ 66 लाख के लोन का वितरण किया। वहीं जिया समूह को 3 लाख, माँ ज्वाला समूह को 1.50 लाख, महाकाल समूह को 1.50 लाख, नारी शक्ति समूह को 1.50 लाख, जय दुर्गा समूह को 1.50 लाख सहित अन्य लोगों को भी लाखों के लोन वाले चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली मंत्रालय की कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन समिति में सदस्य हूँए इस कमेटी की नियमित रूप से अलग अलग स्थानों पर बैठक होती है, इसमें मैं शामिल होता हूँ। पिछले दिनों गोवा और मुंबई में आयोजित बैठकों में शामिल हुआ था। जहाँ पर देश के बड़े बैंको के शीर्ष आधिकारी शामिल हुए थे। उसमें यूनियन बैंक के अधिकारी भी आए हुए थे। जिसमें मैंने इस तरह के आयोजन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा था। छिंदवाड़ा में हुई यह बैठक भी उसी का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, यूनियन बैंक से चीफ जनरल मैनेजर सेंट्रल ऑफिस से पी.के. श्यामल आदि उपस्थित थे।

सार समाचार

अग्रणी अभिकर्ता गणेश वर्मा को मिला वरिष्ठ सम्मान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा शाखा के अग्रणी अभिकर्ता गणेश वर्मा का शाखा छिन्दवाड़ा में इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रादेशिक प्रबंधक जी.के. जेना एवं आर.के. यादव वरिष्ठ मंडल प्रबंधक द्वारा एम.डी.आर.टी. सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय के हाथो से श्री वर्मा को विशेष सम्मान ट्राफी प्रदान की गई। इस सम्मान समारोह के अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारियों ने गणेश वर्मा के कार्य की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। गणेश वर्मा ने इसका समस्त श्रेय अपने पालिसी धारको को समस्त अधिकारियों को एवं अपने गुरु अर्जुन सिंह को दिया।

अनिल सातनकर को सौंपी जिम्मेदारी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे की अनुशंसा के उपरांत व प्रदेश कार्यकवाहक अध्यक्ष जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रभारी गुरूचरण खरे, प्रकाश मेहरोलिया जिला अध्यक्ष शहरी व अशोक आम्रवंशी जिला अध्यक्ष ग्रामीण से चर्चा के उपरांत अनिल सातनकर को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में बिछुआ ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपनी नियुक्ति के प्रति कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रति आभार माना है।

कांग्रेस सेवादल ने घोषित किए शहरी क्षेत्र में पांच अध्यक्ष

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कांग्रेस सेवादल के द्वारा छिन्दवाड़ा शहर के पांच क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति उपरांत कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष के द्वारा उप ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं जो निम्नानुसार है।

कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले के द्वारा शहर में पूर्व क्षेत्रए पश्चिम क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र, उत्तर क्षेत्र व मध्य क्षेत्र में क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुरेश भावे, दक्षिण क्षेत्र अध्यक्ष देशराज बारस्कर, कार्य. अध्यक्ष रवि खिलवाड़ी, प्रभारी गजेन्द्र खेरकर मनोनीत किए गए हैं।

पूर्व क्षेत्र अध्यक्ष पद पर दिवाकर बोरकर, उत्तर क्षेत्र अध्यक्ष रमजान खान, मध्य क्षेत्र विक्रम बन्देवार मनोनीत किए गए हैं।

श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत नगर में भव्य कलश यात्रा

पांढुर्णा, देशबन्धु। शांतिनिकेतन गुरुनानक वार्ड के विनायक सिटी में श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे नगर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भक्तिमय और हर्षोल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। तीन दिवसीय समारोह के प्रथम दिवस पर कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह शोभायात्रा विनायक सिटी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शंकर नगर स्थित शिव मंदिर तक पहुंची। यात्रा मार्ग के दोनों ओर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत कियाए जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा के दौरान नगर की महिला कीर्तन-भजन मंडली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूरे नगर में भक्ति गीतों और जयघोष की गूंज सुनाई दी।इस आयोजन में प्रमुख अतिथि प्रवीण पालीवाल सहित आयोजनकर्ता सुभाष बुधराजा (सपरिवार) एवं नगर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर श्रद्धा व भक्ति भाव प्रकट किया।

भाजपा ने विधायक का किया विरोध, जलाया पुतला

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आज भारतीय जनता पार्टी राममंदिर छोटी बाजार नगर मंडल समस्त भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के पूर्व विधायक कमलनाथ एवं सौसर विधायक विजय चौरे द्वारा जो घोर निंदनीय बयान दिया गया और विजय चोरे द्वारा कल यह बयान दिया की लाशें बिछा देंगे। इस निंदनीय बयान को लेकर आज कमलनाथ और विजय चौरे का पुतला दहन किया एवं चेतावनी दी की अगर इस बयान को लेकर उन्होंने छिंदवारा की जनता से माफी नहीं मांगी तो भाजपा नगर मंडल 3 द्वारा और उग्र प्रदर्शन किया जावेगा।

भाजपा द्वारा यह भी कहा गया की सम्पूर्ण देश मैं मध्यप्रदेश मैं भाजपा की जानकल्याणकारी सररकार है। छिंदवाड़ा के सांसद भी दिन रात जनकल्याण के कार्य कर रहे ताकि छिंदवाड़ा की जनता को सुशासन वाली सरकार की योजनाओं का लाभ मिले और छिंदवारा का विकास हो लेकिन यहाँ पर कांग्रेस के विधायक को यह सब रास नहीं आ रहा इसलिए वे अब छिंदवाड़ा की जनता के विषय मैं ही बयानबाजी कर छिंदवाड़ा का नाम और छिंदवाड़ा का माहौल खराब करने की नियत से ये बयान बाजी कर रहे है और इस बयान बाजी के लिए विधायक को छिंदवारा के प्रत्येक नागरिक से माफी मांगनी चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रोहित पोफ्ली, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कार, पंकज पाटनी, अरविंद राजपूत, बिट्टू मंडराह, मोरश्वर हिवसे, वंदना विश्वकरर्मा, रवि मालवी, दुर्गेश नरोते, अंकित तिवारी, अंकित सोलंकी, मनीष आदि मौजूद थे।

बिछुआ के शंकर वन में अर्पित किया पवित्र गंगाजल, महाकुंभ से लाए थे पूर्व सांसद

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। विश्व के सबसे बड़े आस्था के केन्द्र प्रयागराज महाकुंभ से जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा लाया गया पवित्र गंगा जल चौरई विधानसभा क्षेत्र के बिछुआ ब्लॉक के विख्यात धार्मिक स्थल शंकर वन में अर्पित किया गया। बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजन अर्चन के उपरांत गंगा जल समर्पित किया गया।

विदित हो कि प्रयागराज महाकुंभ त्रिवेणी संगम में नकुलनाथ ने आस्था की डुबकी लगाई और वहां से गंगा जल साथ लेकर आए। नकुलनाथ की मंशानुसार गंगा जल जिले के दस शिव मंदिरों में अर्पित किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है।

इसी कड़ी में शंकर वन धाम में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना जिले सहित चौरई विधानसभा व बिछुआ ब्लॉक के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महामंत्री इंद्रपाल सिंह पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देशलाल धुर्वे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, महासचिव विपिन कुमार उइके, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह उइके, दीपक खड़से, राहुल डेहरिया, कृष्णा सातनकर, बलवान टेकाम सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जनजातीय गौरव दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों के स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में कार्यक्रम

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भारत की स्वतन्त्रता प्राप्ति में अपने अतुलनीय योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रो के जनजति नायकों की स्मृति में आज डेनियलसन महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह धुर्वे जनजातीय आयोग के सदस्य एवं विशेष अतिथि कमलेश कुमार कवरेती वनवासी कल्याण आश्रम युवा आयाम के जिला प्रमुख एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय प्रचार्या स्मृति हाबिल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों को वेच एवं पौधा भेट कर महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा किया गया। प्रचार्या स्मृति हाबिल द्वार अतिथियों का स्वागत भाषन प्रस्तुत कर अभिनंदन किया। महाविद्यालय के एनएसएस वरिष्ठ छात्र विशाल काकोड़िया द्वारा आदिवासी जनजातियों से संबंधित गौरव गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रहलाद सिंह धुर्वे द्वारा जनजाति के विभिन्न नायको बलिदानियों के जीवन गाथा पर विस्तार रूप से प्रकाश डाला और उनके जीवन से जुड़ी बातों पर जानकारी प्रदान की। महाविद्याल के एनसीसी ग्रुप की छात्राओं ने जनजातीय नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक रानी साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के समस्त अध्यापक गण एवं छात्र छात्राओ एवं अशेक्षणिक कर्मचारी गण ने अपनी उपस्थति देकर जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम को सफल बनाया।

जल कलश यात्रा के साथ शारदा खदान में शुरू हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। कन्हान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में नवनिर्मित मंदिर में जगत जननी मां दुर्गा एवं मां शारदा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति व विशाल भंडारे का कर्यक्रम 6 मार्च गुरुवार को किया जाएगा।

इसी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर उपक्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र कुमार सोनी, खान प्रबंधक स्वप्निल अवस्थी के अलावा शारदा खदान के अधिकारी व कर्मचारियों एवं ग्रामीण महिलाओं के साथ पंचायत कार्यालय जमकुंडा से बैंड बाजे के साथ जल कलश यात्रा निकाली गई जो कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए शारदा खदान परिसर में स्थित मंदिर पहुंची एवं 5 मार्च को माता की प्रतिमा का पूजन एवं प्रतिमा का नगर भमण शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शारदा खदान परिसर से मां हिंगलाज के दरबार तक निकाली जाएगी। इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के आयोजनकर्ता शारदा माइंस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी के द्वारा श्रद्धालु भक्तों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है।

पांढुर्णा जिले में बनेगा नया वन मंडल, प्रक्रिया शुरू

छिंदवाड़ा जिले का 6463 वर्ग किमी क्षेत्रफल हुआ कम

पांढुर्णा, देशबन्धु। मध्य प्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा जिले के दक्षिण वन मंडल के पुनर्गठन की मंजूरी दे दी है, जिससे पांढुर्णा जिले में एक नया वन मंडल स्थापित होगा। इस निर्णय के बाद छिंदवाड़ा जिले का कुल क्षेत्रफल 6463 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। यह प्रस्ताव अगली कैबिनेट बैठक में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा, जिसके बाद इसे आधिकारिक रूप से लागू किया जाएगा।

अब तक पांढुर्णा-सौंसर क्षेत्र छिंदवाड़ा डी.एफ.ओ. (वन मंडल अधिकारी) के अंतर्गत आता था, लेकिन नए पुनर्गठन के तहत इसे अलग कर दिया जाएगा। पांढुर्णा जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 1522.220 वर्ग कि.मी. है, जिसमें से 662.742 वर्ग किमी वन क्षेत्र शामिल है। नए वनमंडल के गठन के बाद छिंदवाड़ा दक्षिण वनमंडल के कुल 956.686 वर्ग किमी वन क्षेत्र में से 662.742 वर्ग किमी क्षेत्र को पांढुर्णा में शामिल किया जाएगा।

पांढुर्णा जिले में पहले से पांच वन रेंज हैं पांढुर्णा, सौंसर, कन्हान, अंबाड़ा, लावाघोगरी ओर अब नए वनमंडल के तहत 23 उपरेंज और 92 बीट बनाए जाएंगे। प्रत्येक उपरेंज को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक संसाधन भी तैयार किए जा रहे हैं। प्रस्तावित 23 उपरेंज निम्नलिखित हैं:-

चिचोलीढाना, टेमनी, तिगांव, सिवनी, पारडी, बोरपानी, नंदेवानी, नांदनवाड़ी, अंबाड़ा, चिमनखापा, कामठी, जोबनडेरा, सौंसर, मर्राम, मोहगांव, जोबनी, बोरपानी भाग, सवरनी, बोरगांव, सतनुर, देवी, खुटामा इसके अलावा सौंसर और पांढुर्णा में एक-एक एस.डी.ओ. (उपवनमंडल अधिकारी) नियुक्त किए जाएंगे जो पूरे वन प्रशासन की निगरानी करेंगे।

पांढुर्णा वनमंडल के गठन के लिए भुली मार्ग, मोरडोंगरी के पास 6 एकड़ राजस्व भूमि की मांग की गई है, जहां लाइन क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा। आवश्यक संसाधनों के लिए करीब 5 करोड़ 26 लाख रुपए का बजट तैयार कर शासन को भेजा गया हैए जिसे वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है।

वन प्रशासन और संरक्षण को अधिक सुचारू बनाया जाएगा। पांढुर्णा के वन क्षेत्र की बेहतर निगरानी और विकास संभव होगा। स्थानीय स्तर पर वन अधिकारियों की तैनाती से कार्यक्षमता बढ़ेगी। वन्यजीव संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार के इस कदम से पांढुर्णा जिले को एक नई पहचान मिलेगी, जिससे वन संरक्षण और प्रशासन को और मजबूत किया जा सकेगा।

अमरवाड़ा में चल रही भाजपा की तानाशाही सरकार : चमपालाल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। लोकतंत्र जनता का जनता के लिए और जनता द्वारा शासन जनता ही सत्ताधारी होती है और उसकी अनुमति से ही शासन होता है। जनता के द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि उनका नेतृत्व करते हैं, किन्तु अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में इसकी परिभाषा ही बदल चुकी है, यहां अधिकारी स्वयं को कानून व्यवस्था व नियम कायदों से ऊपर मानते हुए चुने हुए जनप्रतिनिधियों की लगातार अव्हेलना कर रहे हैं। उक्त उदगार आज जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अमरवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चम्पालाल कुर्चे ने व्यक्त किए।

चम्पालाल कुर्चे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि हर्रई में खंड स्तरीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह, विवाह के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में 03 मार्च 2025 को हर्रई जनपद पंचायत के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया, जबकि उन लोगों को बैठक में आमंत्रित किया गया जो किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं है, किन्तु वे भाजपा के लोग है इसीलिये अधिकारी ने राजनीति से प्रेरित होकर उन्हें बैठक में बुलाया गया। इसका सीधा अर्थ है कि अपने संवैधानिक पद की गरिमा को भूलकर अधिकारी नियम व प्रोटोकॉल के खिलाफ जाकर सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित कर रहा है जो पूर्णत: गलत है।

गरीब परिवारों के लिए कन्यादान योजना वरदान : सांसद

सांसद विवेक साहू एवं विधायक कमलेश शाह ने 509 नवविवाहित जोड़ों को दीं शुभकामनाएं

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है, गरीब बच्चियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होती है प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह-निकाह किया जा रहा है।

उक्त आशय के उद्गार अमरवाड़ा मंडी प्रांगण में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में 509 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे जिन्हें सांसद श्री साहू एवं विधायक कमलेश शाह ने शुभकामना दीं।

इस दौरान कार्यक्रम को विधायक कमलेश शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष गणेश कंगाली, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने भी संबोधित किया।

वहीं संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों, युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुफ्त अनाज, नि:शुल्क इलाज की सुविधा के साथ ही पक्के आवास व हर घर में जल पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी वर्षों में तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाकर गरीबों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले गरीब पिता को अपनी बेटी की शादी करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

वह किसी से कर्ज लेकर या अपनी संपत्ति बेचकर बच्ची की शादी की व्यवस्थाएं करता थाए लेकिन जबसे भाजपा सरकार बनी है तब से गरीबों को बेटियों की शादी करने की चिंता खत्म हो गई है।

शादी की पूरी जिम्मेदारी अब भाजपा सरकार ने अपने कंधे पर ले ली है। बच्चियों को शादी के साथ ही आगे की गृहस्थी बसाने के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अमरवाड़ा मे हुए सामूहिक विवाह के दौरान दो

विकलांग जोड़ों के साथ ही तीन कल्याणी (विधवा) जोड़ों का भी विवाह संपन्न हुआ, जिन्हें भी शासन की आर्थिक योजना का लाभ दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विनोद वर्मा द्वारा किया गया।

आईएसटीएम प्रशिक्षु अधिकारियों ने कलेक्टर से साझा किए अनुभव

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आई.एस.टी.एम. (भारत सरकार) नई दिल्ली के प्रशिक्षु अधिकारियों का अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 27 फरवरी से 4 मार्च 2025 तक छिंदवाड़ा जिले में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने जिले के नवाचारों, ऐतिहासिक स्थलों और जनजातीय समुदायों के जीवन को नजदीक से देखा और समझा।

कल 4 मार्च मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में इन अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें कलेक्टर श्री सिंह के साथ उन्होंने अपने अनुभव साझा किए।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने विशेष रूप से भारिया समाज और ग्रामीण क्षेत्रों में हुये अपने दौरे पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे जिले में जनजातीय समुदायों के लिए चलाई जा रही योजनाएं उनके जीवन में बदलाव ला रही हैं।

यह भ्रमण कार्यक्रम वाय.एच.ए.आई. एन.जी.ओ., पी.टी.सी.एस. पातालकोट टूरिज्म को.ऑपरेटिव सोसायटी एवं ताप्ती पर्यटन सहकारी संस्था के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों को जिले के विकास कार्यों और संस्कृति से परिचित कराया गया।

प्रांतीय अध्यक्ष से मिले

शेषराव यादव जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा से विकासखंड तामिया ग्राम पंचायत चोपना के ग्राम झिरपानी के ग्रामीण जनों ने दिनेश सिंह चौधरी प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्र मोदी विचार मंच महाकौशल प्रांत के नेतृत्व में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर मुलाकात किया।

जिस पर जिला अध्यक्ष ने ग्रामीण जनों की समस्याओं को सुनकर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणो की समस्याओं का समाधान कराया। जिससे ग्रामीण जनो ने खुशी जाहिर कर कर श्री यादव एवं श्री चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए अपने ग्राम आने का न्योता दिया।

सार समाचार

आधार में छह को मनेगा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आगामी 8 मार्च के शुभ दिन छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व में विविध अनुष्ठानों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर उत्कृष्ट कार्यों में योगदान के लिए महिला शक्ति को सम्मानित किया जावेगा।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सामाजिक संस्था सक्षम एवं आधार फाउंडेशन द्वारा गुरुवार 6 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर छिंदवाड़ा जिले में जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वास्थ-शिक्षा-खेल-पशु चिकित्सा-संगीत-पत्रकारिता-समाज सेवा सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मां भारती की सेवा करने वाली महिला शक्तियों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया जावेगा।

कार्यक्रम संयोजक सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजी. महेश किंथ एवं आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे ने बताया कि गुरुवार 6 मार्च को दोपहर 1 बजे से यह कार्यक्रम परासिया रोड स्थित आधार फाउंडेशन में आयोजित किया गया है जिसकी मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइयाजी उईके रहेंगी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन करेंगे जिनके साथ मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बी.के. शक्ति दीदी सह संचालिका प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय छिंदवाड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे, जिनके हस्ते महिला शक्तियों को सम्मानित किया जावेगा।

छोटी बाजार मेन रोड पर मानसिक रोगी ने मचाया उत्पात, स्कूली छात्रों पर बरसाए पत्थर

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। छोटी बाजार मेन रोड पर आज सुबह एक मानसिक रोगी ने जमकर उत्पात मचाया। दरअसल युवक द्वारा स्कूली छात्रों पर अचानक पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। यही नहीं उसने राहगीरों पर भी अचानक अटैक कर दिया। मानसिक रोगी की इस हरकत के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा.तफरी का माहौल बन गया। वहीं स्थानीय लोगों में दहशत का भी माहौल देखा गया। हालाकि कुछ देर तक चले इस घटना क्रम के बाद लोगों ने उसे पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की जिसके बाद उसके हाथ पैर बांधकर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह 7 बजे अचानक एक युवक सड़क पर चलने वाले स्कूली छात्रों व चौपहिया वाहनों पर पत्थर बरसाने लगा। दहशत का माहौल देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। जहां पुलिस ने उसे थाने लेकर पहुँची है। युवक द्वारा जब लोगों पर हमला किया जाने लगा तोए क्षेत्रीय लोगों द्वारा पहले उसे पकड़ा गया। जिसके बाद लाठी डंडों से उसकी जमकर पिटाई की गई। यही नही युवक के हाथ पैर बांधकर सड़क के किनारे बैठा दिया गया। युवक के शरीर पर चोट के निशान भी देखे गए हैं।

भारतीय कोयला मजदूर संघ ने दिया धरना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ शाखा विष्णुपुरी- 2 और शिवपुरी की आज शिवपुरी सब एरिया ऑफिस के सामने में गत 3 मार्च को नारेबाजी कर क्रमिक भूख हड़ताल धरने में बैठा गया प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण एक तरफा निर्णय लेना और गलत नीतियों के कारण आज से क्रमिक भूख हड़ताल धरने की शुरुआत हुई। भारतीय मजदूर संघ अपने मजदूरों के हितों के लिए हमेशा आंदोलन के लिए तत्पर रहता है जिसमें आज उपस्थित केंद्रीय पद अधिकारी समन्वय समिति सदस्य मनोज राय, अरविंद मनोहरे, विष्णुपुरी 2 शाखा अध्यक्ष प्रदीप ठाकरे, सचिव सतीष राय, शिवपुरी अध्यक्ष शैलेंद्र सूर्यवंशी, सचिव अनिल यादव और शाखा पद अधिकारी शिव नारायण, राज कुमार राय सभी भारतीय कोयला खदान मजदूर शाखा के सदस्य गण उपस्थित हुए।

इनर ग्राउंड में होगा मुख्यमंत्री विवाह निकाह का आयोजन 30 अप्रैल को

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा एवं जनपद पंचायत छिंदवाड़ा द्वारा 30 अप्रैल 2025 दिन बुधवार स्थान लाल ग्राउंड इनर ग्राउंड डीडीसी कॉलेज नागपुर रोड छिंदवाड़ा में सामूहिक विवाह / निकाह ् नि:शक्तजन विवाह/पुनर्विवाह/कल्याणी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विवाह योग्य वधु जिनकी आयु 18 वर्ष एवं वर जिनकी आयु 21 वर्ष पूर्ण कर ली गई हो, वे सम्मलेन में विवाह हेतु सम्मिलित हो सकते है।

छत्तीसगढ़ व मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया बनीं निक्षय मित्र

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। 100 दिवसीय निक्षय शिविर अंर्तगत आज जिला क्षय केंद्र से एसटीएस जय अहिरवार टीबीएचव्ही पूर्णिमा परिहार एवं रानू वर्मा द्वारा पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके से भेट की गई।

इस दौरान निक्षय शिविर एवं प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा क्षय रोगी के पोषण हेतु निक्षय मित्र बनकर अपनी सहमति दी गईं। साथ ही जनभागीदारी से भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए अपील की गई।

सैनिक कल्याण अधिकारी की सेवानिवृत्ति पर कलेक्टर ने दीं शुभकामनाएं

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सेण्निण्द्ध जया जेवियर 03 मार्च 2025 को सेवानिवृत्त हो गईं। उन्होंने 03 मार्च 2025 को सैनिक कल्याण कार्यालय के सभाकक्ष में पूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित कर उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों का समाधान किया।

इस दौरान उन्हें मध्यप्रदेश सरकार और केंद्रीय सैनिक बोर्ड की विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उपस्थित सभी भूतपूर्व सैनिकों ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी का अभिनंदन किया तथा उन्हें सेवानिवृत्ति जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ;सेण्निण्द्ध जया जेवियर ने आज कलेक्टर एवं जिला सैनिक बोर्ड के

अध्यक्ष श्री शीलेन्द्र सिंह से मुलाकात की तथा चल रहे मुद्दों के बारे में जानकारी दी द्य इस दौरान कैप्टन ;आईएनद्ध सुमित सिंहए जो बैतूल के सैनिक कल्याण अधिकारी के अलावा छिंदवाड़ा जिले का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे और कल्याण संयोजक श्री राजेश पाटिल भी उपस्थित थे । कलेक्टर श्री सिंह ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ;सेण्निण्द्ध जया जेवियर के सेवानिवृत्त होने पर पुष्पगुच्छ देकर भविष्य के लिए शुभकामनायें दी ।

12वीं के पांच विषयों की परीक्षा संपन्न

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है।

जिसकी सतत् मॉनीटरिंग कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है।

मंगलवार को 155 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 12वीं के 05 विषयों भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बैण्डरी, विज्ञान के तत्व और भारतीय कला का इतिहास के प्रश्नपत्रों की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 18930 दर्ज विद्यार्थियों में से 18597 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 333 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा में 12 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुयेए जिसमें से 05 विद्यार्थियों के लिये राईटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

नेशनल लोक अदालत के प्रचार रथ को रवाना किया जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मण्प्रण्राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा भूपेश कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, परासिया, अमरवाड़ा, तामिया एवं हर्रई में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

जनसुनवाई में 139 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 129 आवेदकों की समस्यायें सुनी।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के नैनबती डोलेकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम खापाकला की मंजू ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, ग्राम डुंगरिया तीतरा की अतरवती कहार ने आवासीय भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम झापिया के हल्कू ने पी एम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, ग्राम झापिया के रिचकलाल ने राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त कराने, ग्राम धाधरा के नन्दलाल यादव ने जमीन के खसरे में नाम दर्ज कराने, ग्राम चारगांव के देवीदीन ने भूमि पट्टा दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के ग्राम सारना के गोपाल पहाड़े ने समग्र आईडी में जाति सरनेम सुधरवाने, वार्ड नंबर- 48 पंचवटी वार्ड के वरूण ने मकान का सीमांकन कराने, नगर के दिव्यांग नीतू शिवहरे ने साँची पार्लर खोलने के लिये दुकान आवंटित कराने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी व एस.डी.एम. सुधीर जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गइ, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

अटल नगरीय अधिकारी-कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

परासिया, देशबन्धु। अटल नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया ने आज अपनी सात सूत्रीय मांगों के संबंध में अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें वेतन भुगतान, बकाया भुगतान, स्थाई कर्मचारियों की मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी का भुगतान, कर्मचारियों को कलेक्टर दर से भुगतान एवं खाते में भविष्य निधि की राशि जमा करने सहित अन्य मांगे शामिल है।

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। स्थानीय गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता तपस्या पांडे ने कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए उपयोगकर्ता को सतर्कता और सावधानी बरतनी आवश्यक है। छात्राओं को इंटरनेट का उपयोग करते समय प्राइवेसी सेटिंग्स के टूल्स का उपयोग अवश्य करना चाहिए। रवि पवार ने कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म ठगी और धोखाधड़ी का स्त्रोत है, इसलिए उचित जानकारी से ही बचाव संभव है। संचालक डॉ. विजय कलमधार ने कहा कि वित्तीय लेनदेन करते समय ओटीपी, पासवर्ड और संदेहास्पद लिंक शेयर न करें। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्रीपाद आरोनकर ने कहा कि डिजिटल अवेयरनेस से बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। इस अवसर पर प्रो. मुकेश दौड़के के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।